

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+16 अंक 57 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 30 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## स्वादिष्ट सीताफल सुबह आते ही गायब हो रहा



सिवनी यशोः- एक जिला एक उत्पाद के रूप में प्रतिष्ठित फल जिले का सीताफल इन दिनों बहुतायत मात्रा में बाजार में प्राप्त हो रहा है । ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में सीताफल शुक्रवारी बाजार, नगर पालिका परिषद के सामने, पोस्ट आफिस के सामने अल सुबह से आना प्रारंभ हो जाता है । स्वादिष्ट सीताफल अपने स्वाद के साथ अनेक औषधिय गुणों वाला है । इस फल के लाजबाव स्वाद के दीवाने सुबह से सीताफल खरीदने बाजार में पहुँचते है और सीताफल एक दो नहीं और न ही दर्जन भर खरीदकर लेजाते है वरन सीताफल के पूरे टोकने के टोकने खरीद कर ले जाते है। सीताफल सुबह आते ही तेजी से बिक जाता है । सिवनी जिलावासियों का यह सौभाग्य है कि उसे सीताफल टोकने भर खरीदने को मिलता है अन्यथा यह लाजबाव स्वादिष्ट फल एक दो ही महानगरों में बहुत मंहगा मिलता है और वहां उपलब्धता भी कम होती है ।

यहाँ बता दें कि सीताफल सिवनी जिले का एक जिला एक उत्पाद के रूप में घोषित फल है । सीताफल जिले के छपारा क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में होता है । यहाँ का सीताफल सिवनी के निवासियों को खाने को तो मिलता ही है छपारा सीताफल देश के अनेक महानगरों में निर्यात होता है । हाँलाकि सीताफल की फसल बहुत अधिक दिनों तक नहीं होती इसका समय अक्टूबर से 15 नबंवर तक ही है । जिले के छपारा के साथ ही बरघाट भोमा क्षेत्र सहित जिले के हर क्षेत्र में सीताफल सहजता से प्राप्त हो जाता है । वन विभाग द्वारा सीताफल को विशेष उत्पाद के साथ इसके उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है और सीताफल से अनेक तरह के उत्पाद तैयार कर समितियों को स्वारोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास भी हो रहे है । छपारा में सीताफल की मंडी भी बनायी गयी है । जहाँ उत्पादको को सीताफल की बेहतर कीमत दिलाने की कोशिश की जाती है । सीताफल एक ऐसा फल है जो औषधिय गुणों से भरा हुआ है इसकी तासीर गर्म होती है । इसकी पत्तियाँ और बीज भी औषधिय गुणों से भर पूर है ।

# कमलनाथ ने जिले से इतना छीना है कि माफ नहीं किया जा सकता - संतोष

## *कांग्रेसी मजबूरी में कर रहे है कमलनाथ का गुणगान, पहले जला चुके है पुतले*




सिवनी - कांग्रेस की मजबूरी है कमलनाथ का गुणगान करना जबकि ईमानदारी की बात तो यह है कि इस बात को कांग्रेस भी जानती है कि कमलनाथ ने सिवनी जिले का कभी हित नहीं सोचा बल्कि सिवनी के हिस्से की विकास योजनाओं को छिनने का महापाप किया है । भारत के ऐतिहासिक स्वर्णिम चतुर्भुज से सिवनी को काटने का उन्होंने किस स्तर तक प्रयास किया यह बात किसी से छुपी नहीं है । उनकी सिवनी से छीनने की मानसिकता से दुखी जनता के साथ मिलकर कांग्रेस के नेताओं ने भी उनके पुतले फुके है उनके पुतले की अर्थी सजाने जैसे अप्रिय कार्य में कांग्रेसी शामिल हुये है आज उसी नेता को कांग्रेस पार्टी के लोग यदि विकास पुरूष प्रचारित कर रहे है तो यह उनकी मजबूरी है जबकि भाजपा जो बात करती है वह मजबूरी नहीं मजबूती और प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर करती है। उक्ताशय की बात जिला भाजपा के उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही ।

### फोरलेन, मेडीकल, पेंच नहर संभाग सहित अन्य मामलो में आडई टांग

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस कमेटी सिवनी के संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा को किसी बात का जबाव मांगने से पहले अतीत में झांक लेना चाहिये । कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने स्वर्णिम चतुर्भुज सिवनी से होकर न जाये इसके लिये एड़ी चोटी





का प्रयास किया, सिवनी को संभाग बनने में रोड़ा अटकाया, सिवनी में भाजपा की संवेदनशील भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने तीन सौ करोड़ रूपये मेडीकल कालेज के लिये स्वीकृत किये जिसके संबंध में कांग्रेस द्वारा पहले दुस्प्रचार किया किया गया जनता में भ्रम फैलाया गया और जब कांग्रेस की सरकार बन गयी और कमलनाथ मु यमंत्री बने तो सबसे पहला काम सिवनी के मेडीकल कालेज का काम रूकवाया गया । सिवनी की पेंच नहर से सिवनी के किसानों का शिवराज सरकार के समय स्वीकृत सिंचाई का रकबा कम किया गया । सिवनी जिले के विकास में बाधा उत्पन्न करने वाले कमलनाथ ने सिवनी के हितो के साथ जितना खिलवाड़ किया है । उस बात पर पर्दा डालने के असफल प्रयास कांग्रेस के संगठनमंत्री पंकज शर्मा कर रहे है परंतु कमलनाथ की करनी को जनता आसानी से भूल जायेगी ऐसा सोचना शर्मा जी नासमझी है ।

### हनुमान भक्त सनातन विरोधियों का विरोध करने में यों है मूक

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि सिवनी का हमेशा बुरा चाहने वाले कमलनाथ और पूरे प्रदेश का वंटाढार करने वाले दिग्विजय सिंह तथा देश का विदेश की धरती से अपमान करने वाले राहुल गांधी को कांग्रेस अपना नेता माने उनका गुणगान करे, चरणवंदन करें यह उनके निजी स्वार्थो के लिये बेहतर है परंतु आमजनता के लिये नुकसानदायक है । कांग्रेस कमलनाथ को हनुमान भक्त बताकर` या प्रदर्शन करना चाहती है यह तो कांग्रेस ही जाने पर सनातन का विरोध करने वाले स्टालिन के बयान पर कांग्रेस नेता कमलनाथ की घिग्गि की यों बंधी हुई है यह भी स्पष्ट कर देना था । भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने वाली कांग्रेस हनुमान भक्ति का हवाल देकर जनता को ठगना चाहती है ।

### प्रहलाद पटेल पत्थरों पर नहीं दिलों पर करते है अपना नाम अंकित

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी विज्ञप्ति में भाजपा के लोकप्रिय कद्दावर नेता प्रहलाद पटेल के संबंध में जो अशोभनीय टिप्पणी की है वह उनकी खींछ है । डालडा फै ट्री, डिस्लरी जैस उद्योग कांग्रेस की अविवेक पूर्ण उद्योगनीति और कांग्रेस की लूट खसोट के कारण बंद हुये । केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल पूरी ऊर्जा के साथ काम करते है और सिवनी सहित पूरे प्रदेश में युवाओं तथा राजनैतिक व्यक्तियों की प्रेरणा है जन-जन के नेता है । सिवनी जिले के हितों के प्रति वे हमेशा मुखर रहे है और उन्होंने सिवनी को अपनी कर्मभूमि माना है पत्थरों में नाम होना आवश्यक नहीं है आमजनो के दिलों में प्रह्लाद पटेल का नाम है शर्मा जी को तो यह विचार करना चाहिये कि सिवनी में जो स्वीकार्यता प्रहलाद पटेल की है वह कमलनाथ कभी बना पायेंगे या ?

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति का आज अंतिम दिन

सिवनी यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक उ मीदवार अपने नाम निर्देशन पत्र संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के तहत् प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा जांच 31 अक्टूबर को होगी। 2 नव बर तक उ मीदवार अपना नाम वापिस ले सकेंगे। नाम वापिसी पश्चात् चुनाव मैदान में खड़े उ मीदवारों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसरों द्वारा चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा।

## विधानसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सिवनी पहुंचे

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले की चारो विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सिवनी पहुंचे। जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सिवनी एवं बरघाट के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री घनश्यामदास (मो.न. 7067147244) तथा विधानसभा क्षेत्र केवलारी एवं लखनादौन के लिये भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एम. एल. चौहान (मो.न.6267047335)को सामान्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जबकि भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अजय कुमार (मो.न. 9329560456)को जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक के रूप में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सिवनी एवं लखनादौन के लिए मनिंदर कुमार आईआरएस (मो.न.6267188587) तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बरघाट एवं केवलारी के लिए श्री स्पनिल साहेबराव पवार (मो.न. 6264244498)को नियुक्त किया गया है। सभी प्रेक्षकगण सिवनी पहुंच चुके है।

## भाजपा के शासन में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े - खुराना

### कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला कांग्रेस की ली बैठक

सिवनी यशोः- 28 अक्टूबर को



जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए नगर महिला कांग्रेस कमेटी की अति आवश्यक संगठनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना की अध्यक्षता में स पन्न हुई। जिसमें श्री खुराना द्वारा नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये गये। श्री खुराना ने महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी सदस्यों को स बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल में महिलाओं के उपर अत्याचारों की सं या में अत्यधिक वृद्धि हुई है श्री खुराना ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही मातृशक्ति के मान स मान की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को हमेशा प्रमुखता से राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक सुदृणता का अवसर प्रदान किया है। इसी का परिणाम है कि महिलाओं को सामान्य अवसर मिला । कांगेस ही ऐसी पार्टी है जिसने देश को प्रथम महिला प्रधानमंत्री के रूप में स्व.इंदिरा गांधी को देश में शासन करने का अवसर प्रदान किया जिन्होंने देश के विकास को नयी दिशा दी। श्री खुराना ने आगे कहा कि देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने है जिसमें मातृ शक्ति की प्रमुख भूमिका रहेंगी आप सभी से अनुरोध है कि अपने अपने क्षेत्रों में जाकर जनजागरण अभियान चलाते हुये मातृशक्ति को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने हेतु तनमन से प्रयास करें ताकि भ्रष्टाचारी भारतीय जनता पार्टी के कुशासन की समाप्ति हो सकें और प्रदेश में कमलनाथ की लोक कल्याणकारी सरकार स्थापित हो सकें।

महिला कांग्रेस की बैठक में जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, विष्णु करोसिया, रामकिशोर बघेल, चंदनसिंह खताबिया, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती शीला भारद्वाज, श्रीमती श्रद्धा मिश्रा, श्रीमती योगिता सनोडिया, श्रीमती सीता निखारे, पवनरेखा रिनायत, सुश्री अनुसुईया ब्र हे, श्रीमती सीतांजलि से सेना, श्रीमती जानकी यादव, श्रीमति वंदना टंकी, श्रीमती लता सनोडिया, श्रीमती लक्ष्मी राय, श्रीमति रिंकी, श्रीमती शहाना, श्रीमती रेशमा खान, श्रीमती शहीदा खान, श्रीमती फरीदा खान,श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा, श्रीमती सुलोचना,श्रीमती जयवंती यादव, श्रीमती रानी मालवीय, श्रीमती कविता सोनी, श्रीमती किरण डेहरिया, श्रीमति सुरेखा शर्मा, श्रीमती फुलकुमारी, श्रीमती दीक्षा लांजेवार, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती दीपा लाहोरी, श्रीमति सोनी डागोर, श्रीमति संगीता सनोडिया, श्रीमति शहनाज बेगम, श्रीमती सुषमा भारद्वाज, श्रीमती सकुन रजक, श्रीमती बिलकिस, श्रीमती अंजली परवीन, श्रीमती शबाना सहित बडी सं या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों की उपस्थिती रही।

## भाजपा के प्रत्याशी आज नामांकन रैली के साथ जमा करेंगे नामांकन


सिवनी यशोः भारतीय जनता पार्टी बरघाट, केवलारी एवं

**केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल एवं फग्गन सिंह होंगे शामिल**

लखनादौन के विधानसभा प्रत्याशी आज सोमवार को अपने अपने विधानसभा मु यालय में कार्यकर्त्ताओं के साथ विशाल नामांकन निकालकर नामांकन पत्र जमा करेंगे । बरघाट विधानसभा के प्रत्याशी कमल मर्सकोले बैल बाजार



में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की आमसभा के बाद नामांकन रैली के साथ नगर का भ्रमण करेंगे ।



केवलारी से भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह केवलारी के उगली नाका से नामांकन रैली निकालकर नगर का भ्रमण करते हुये एस डी एम कार्यालय पहुँचकर नामांकन पत्र जमा करेंगे। रैल के पश्चात केवलारी बस स्टैण्ड में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आमसभा को संबोधित करेंगे ।

लखनादौन विधानसभा से



भाजपा के प्रत्याशी विजय उईके सात फेरे लॉन से अपनी नामांकन रैली निकालेंगे और नगर भ्रमण करते हुये एस डी एम कार्यालय पहुँचकर नामांकन जमा करेंगे । नामांकन के पश्चात विजय उईके के समर्थन में केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल न्यू हीरा लॉन में आमसभा को संबोधित करेंगे ।

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्त्ताओं से प्रत्याशियों की नामांकन रैली में आवश्यक रूप से शामिल होने की अपील की है ।

## कोतवाली पुलिस की कार्यवाही: 2 दिन में 3 स्थायी वारंटियों को किया गिर तार

सिवनी यशो= सिवनी की कोतवाली पुलिस ने दो दिनों में कार्यवाही करते हुए 03 स्थायी वारंटियों को छिंदवाडा और बरघाट से गिर तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने आज जानकारी देते हुए बताया कि आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वारण्टियो की धरपकड जारी है। जहां कोतवाली पुलिस ने 2 दिनो में अलग अलग टीमो के सहयोग से 03 स्थायी वारंटी को गिर तार करने में सफलता हासिल की है। जिन्हें जिला छिंदवाडा एव थाना बरघाट से पकड़ा गया है। जिन्हें गिर तार किया गया है उनमें आसिफ पिता बजीर मुस्लमान उम्र 31 साल, संतोष पाल पिता माखनलाल पाल उम्र 40 साल निवासी ग्राम भमाडा थाना उमरेठ जिला छिंदवाड़ा, प्रकाश भट्ट पिता तडकू भट्ट उम्र 42 साल निवासी ग्राम भमाडा थाना उमरेठ जिला छिंदवाडा शामिल हैं। इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. नितेश, विशाल, गुलाब, सतीश, रत्नेश, राजू मौजूद रहे।

# भाजपा ने जो विकास किये उसकी कांग्रेस से कल्पना नहीं की जा सकती - मुनमुन

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने नगर के अनेक वार्डों मे किया सघन जनसंपर्क





सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, कृषि, अधोसंरचना के जितने अधिक कार्य भाजपा सरकार में हुये कांग्रेस ने कभी नहीं कराये, सिवनी नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिये मैने अपनी सरकार के माध्यम से बहुत काम कराये है। कोरोना जैसी महामारी के समय भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्त्ताओं के साथ मानव जीवन को बचाने का जो ईश्वरीय कार्य किया गया है उसकी कांग्रेस से कभी कल्पना नहीं की जा सकती है । उक्ताशय के विचार सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने आज भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं सिवनी नगर मंडल के अध्यक्ष द्वय संजय सोनी तथा अभिषेक दुबे सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ सिवनी नगर के अनेक वार्डो में सघंन जनसंपर्क के दौरान कही ।

सिवनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने आज नगर के दुर्गा चौक स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चन के साथ जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया। श्री राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियों ने वैश्विक संकट कोरोना के समय मानव जीवन की रक्षा के लिये कार्य किया वह उनके समर्पण का जीता जागता उदाहरण रहा है और मैने इनके समर्पण भाव को देखकर अपने आप को तन मन धन से झौंक दिया था। श्री राय ने कहा कि सिवनी नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिये मैने संकल्प लिया है और सिवनी नगर के लिये मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। सुंदर सड़के, नगर की स्वच्छता के लिये संसाधन, पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है। नगर के तालाबो को सुंदर बनाने के साथ ही इन्हें पवित्र और रमणिक स्थल बनाये जाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। सुंदर गार्डन तैयार करने की विस्तृत योजना है। श्री दिनेश राय मुनमन ने कहा कि मेडिकल कालेज बनकर तैयार है आने वाले समय में कृषि महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, नगर यातायात दबाव को कम करने के लिये एम आर -1 एम आर -2 के प्रस्ताव तैयार है । श्री राय ने कहा कि नगर को व्यवस्थित करने के साथ ही अगले चरण में नगर को प्रदेश में स्वच्छ जिला बनाने का हमारा संकल्प रहेगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री दिनेश राय मुनमुन द्वारा नगर के सुभाष वार्ड,सुनारी मोहल्ला जगन्नाथ मंदिर, शहीद वार्ड, अभिषेक कॉलोनी, आधुनिक कॉलोनी, विवेकानंद वार्ड, आज़ाद वार्ड, संजय वार्ड,अशोक वार्ड मे जनसंपर्क कर बुजुर्गो, माताओं एवं बहनों से आशीर्वाद आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा जगह-जगह युवाओं द्वारा फूलमालाओं, शाल श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं बड़ी सं या मे आमजन उपस्थित रहे।




**मतदान आपका अधिकार है बेहतर कल के प्रति जबावदारी भी है लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान अवश्य करें**

# महाकाल के दरबार में पहले हुआ चंद्रग्रहण से शुद्धिकरण, उसके बाद हुई बाबा की भस्मआरती



उज्जैन। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार तड़के भस्म आरती से पहले चंद्रग्रहण के मोक्ष के बाद पूरे मंदिर परिसर को पानी से शुद्ध किया गया। इसके लिए फायर फाइटर की मदद ली गई। मंदिर के अग्र भाग सहित नंदी हॉल, गर्भगृह, गणेश मंडपम सहित पूरे परिसर को शुद्ध किया गया। इसके बाद पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। दूध, दही, घी, शक्कर, फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद भगवान के मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया। श्रृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। भगवान महाकाल का भांग, सूखे मेवों, चंदन, आभूषण से श्रृंगार किया गया। भस्म अर्पित करने के पश्चात शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की। भगवान महाकाल ने मोगरे और गुलाब के पुष्प धारण किए। कार्तिक मास की शुरुआत भी आज से हो गई है। इस महीने को भगवान श्री कृष्ण की उपासना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस पवित्र महीने में उज्जैन स्थित शिप्रा नदी के स्नान, तुलसी शालिग्राम की पूजा और मंदिरों में दीपदान से विशेष पुण्य मिलता है। कार्तिक मास में सनातन धर्म से संबंधित कई प्रमुख पर्व और त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

**फायर फाइटर से धोया गया पूरा मंदिर क्षेत्र**

प्रातःकाल भगवान महाकाल के मंदिर के पट खोलने से पहले पूरा मंदिर परिसर को धोया गया। भगवान महाकाल को स्नान कराया गया। इसके बाद महाकाल की आरती प्रारंभ हुई। भस्म आरती देखने के लिए आए श्रद्धालुओं को मंदिर समिति और पुजारी की तरफ से निवेदन किया गया था कि चंद्रग्रहण खत्म होने के बाद स्नान करने के बाद ही मंदिर पहुंचें।

# भारतीय सनातन संस्कृति का विस्तार भारतीय समाज ही कर सकता है

**प्रहलाद सबनानी–**




प्राचीनकाल में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस खंडकाल में समस्त प्रकार की गतिविधियां चाहे वह सामाजिक क्षेत्र में हों, सांस्कृतिक क्षेत्र में हों, आर्थिक क्षेत्र में हों अथवा किसी भी अन्य क्षेत्र में हों वह भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए ही स पन्न की जाती थीं। समाज में किसी भी प्रकार के कर्म को धर्म से जोड़कर ही किया जाता था एवं अर्थ को भी धर्म से जोड़ दिया गया था। कर्म, अर्थ एवं धर्म मिलकर मानव को मोक्ष प्राप्त करने की ओर प्रेरित करते थे। सामान्यतः राष्ट्र के नागरिकों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं के बराबर ही रहती थी और समस्त नागरिक आपस में मिलकर हंसी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। भारत के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं। विभिन्न युगों में अलग अलग शक्तियों को प्रधानता दी गई है, इन शक्तियों के माध्यम से ही विभिन्न समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

**÷त्रेतायां मंत्र-शक्तिश्च, ज्ञान शक्ति-कृत्ते-युगे। द्वापरे युद्ध शक्तिश्च, संघेशक्ति कलौयुगे।।**

सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता युग में मंत्र शक्ति, द्वापर युग में युद्ध शक्ति एवं कलयुग में संगठन शक्ति को प्रधानता दी गई है। परंतु, त्रेता युग में भी भगवान राम ने वानर सेना सहित समाज को संगठित करते हुए असुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी एवं रावण का संहार किया था। द्वापर युग में भी महाभारत का युद्ध पांडवों ने संगठन भाव के कारण एक उद्देश्य को सामने रखकर जीता था। जबकि, कौरवों की सेना के महारथी अपने व्यक्तिगत संकल्पों, प्रतिज्ञा एवं प्रतिशोधों के लिए लड़े और युद्ध हारे थे।

इसी प्रकार कलयुग में कालांतर में जब छोटे छोटे राज्य स्थापित होने लगे तब इन राज्यों के बीच आपस में संगठन का स्पष्ट तौर पर अभाव दृष्टिगोचर होने लगा और वे आपस में ही लड़ने लगे थे। संगठन का अभाव एवं सनातन संस्कृति के छूटने के कारण ही आक्रांता के रूप में मुगलों एवं अंग्रेजों को भारत के छोटे छोटे राज्यों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने में कोई बहुत अधिक कठिनाई नहीं हुई थी।

कलियुग में हिंदू समाज में संगठन शक्ति के जागरण के उद्देश्य से वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्य डॉ टर हेडगेवार ने की थी। जो आज अपने 98 वर्ष पूर्ण कर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने खड़ा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन माना जाता है। संघ का मु य कार्य स्वयंसेवकों में राष्ट्र भाव जागृत करना एवं समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करना है। संघ द्वारा शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास किया जाता है। इन शाखाओं में स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज में जाकर सामाजिक समरसता का भाव विकसित करने का प्रयास करते हैं एवं देश के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करते हैं। इस प्रकार भारतीय समाज को संगठित करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाखाओं एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जा रहा है।

भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, ज मू एवं कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35ए हटाई जा सकी है, 500 वर्षों के ल बे संघर्ष के बाद श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन जनवरी 2024 में पूज्य संत महात्माओं के साथ भारत के प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा स पन्न होना प्रस्तावित है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाए रखने में सफल रहा है। भारत ने चन्द्रयान को चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता पूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है एवं चन्द्रमा की सतह पर ÷शिवशक्ति÷ को अंकित करने में भी सफलता पाई है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नए झंडे गाड़े जा रहे हैं, हाल ही में चीन में स पन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 106 पदकों को हासिल कर एक रिकार्ड बनाया है।

इस प्रकार वर्तमान में वैश्विक स्तर पर भारत एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। एक ओर तो रूस-यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल-हमास युद्ध अपने चरम पर है एवं विश्व के विकसित देश कई प्रकार की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं एवं इन देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है वहीं दूसरी ओर भारत आर्थिक क्षेत्र में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है एवं आज भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत की यह प्रगति कई देशों को नहीं सुहा रही हैं एवं कुछ देश भारत के नागरिकों में आपसी फूट पैदा करने एवं भारत की कुटुंब व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि न केवल भारत की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके बल्कि भारत का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न किया जा सके। यह देश भारतीय सनातन संस्कृति, हिंदुत्व, भारत एवं संघ पर प्रहार कर रहे हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय नागरिकों पर आज महत्ती जि मेदारी आ जाती है कि कुछ देशों के भारतीय समाज को बांटने के कुत्सित प्रयासों को विफल करें। भारतीय समाज आपस में सामाजिक समरसता का भाव विकसित करें एवं कोई भी कार्य करने के पहिले राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखें। आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय समाज को आपस में एकता बनाए रखना भी अति आवश्यक है। सामाजिक बराईयों को दूर करने के प्रयास भी आज हम सभी को मिलकर करने चाहिए। भारतीय समाज को आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच जागृत होना ही होगा।

लगभग 10 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने कहा था कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नए मतदाताओं का शत प्रतिशत पंजीयन होना चाहिए, शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए एवं समाज द्वारा राष्ट्रहित के मुद्दों पर मतदान करना चाहिए। आज इन समस्त बातों का ध्यान भारतीय समाज को रखना होगा।

श्री यदुनाथ सरकार ने अपनी पुस्तक ÷शिवाजी एंड हिज टाइम÷ में उल्लेख किया है कि प्रयाग में मुगलों ने एक अक्षय वट वृक्ष को काट कर उस पर एक बड़ा तवा इस उद्देश्य से रख दिया था कि अब वृक्ष चूंकि कट चुका है अतः स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। किंतु, कुछ समय पश्चात उस अक्षय वट वृक्ष में फिर से कपोलें फूट आईं, उसी प्रकार से भारतीय समाज की सनातन शक्ति को रोकने का सामर्थ्य दुनिया में किसी का नहीं है।

# 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियानः नई दिल्ली रवाना हुए मप्र से एकत्रित अमृत कलश

**शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गायिका आकृति मेहरा एवं साथी अरुण द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।**

**कार्यक्रम में सेना, पुलिस के प्रतिनिधि, स्कूल और कालेजों के छात्रों के अलावा एनएसएस, एनवायके और एनसीसी के युवाओं की भागीदारी रही।**

**एक माह के दौरान प्रदेश के लगभग 52 हजार गांवों से निकाली गई थी अमृत कलश यात्रा।**



भोपाल। केंद्र सरकार की ओर से 15 अगस्त से शुरू हुआ मेरी माटी, मेरा देश अभियान अब संपूर्णता की ओर है। इसका समापन 31 अ टूबर को नई दिल्ली में समारोह पूर्वक होगा। अभियान अंतर्गत अमृत कलश यात्रा के राष्ट्रीय समापन कार्यक्रम के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न संभागों, जिलों से अमृत कलश लेकर आए लगभग आठ सौ प्रतिभागी शनिवार को शौर्य स्मारक में दिल्ली जाने के लिए एकत्रित हुए। यहां मुक्ताकाश मंच पर प्रदर्शित कलशों पर पुष्पांजिल अर्पित की गई और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति हुई। इसके बाद राष्ट्र भक्ति की भावना को अभिव्यक्त करने के लिए मध्य प्रदेश के 313 ब्लाक और 413 नगरीय निकायों से लाए गए 726 अमृत कलश विशेष ट्रेन से दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों के साथ रवाना किए गए। मेरी माटी, मेरा देश, आजादी का अमृत महोत्सव की परिणति की ओर ले जाने वाला अभियान है।

**रवानगी से पहले हुआ विशेष कार्यक्रम**

मातृभूमि को श्रद्धांजलि और देश के वीर-वीरांगनाओं के बलिदान को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गायिका आकृति मेहरा एवं साथी अरुण द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मु य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शु ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर सचिव संस्कृति उर्मिला शु ला, अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन मयंक वर्मा, नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक सुरेंद्र शु ला सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सेना, पुलिस के प्रतिनिधि, स्कूल और कालेजों के छात्रों के अलावा एनएसएस, एनवायके और एनसीसी के युवाओं की भागीदारी रही। संस्कृति विभाग इस अभियान की नोडल एजेंसी है।

**बताई माटी की महिमा**

इस मौके शिवशेखर शु ला ने माटी का महत्व निरूपित करते हुए कि हम सभी इस माटी से जन्में हैं और इसी माटी में मिल जाना है। भारत देश की माटी महान है। आज जब अनेक देशों के बीच वैमनस्यता चरम पर है, हमारे देश में शांति और सौहार्द्र, माटी की ही महिमा है। 75 वर्षों की विकास यात्रा और बलिदानियों को याद करना इस यात्रा का मकसद था।

**प्रदेश भर में तैयार हुए हैं 726 'अमृत कलश'**

स्वराज संस्थान संचालनालय के उप संचालक प्रो संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत एक से 30 सितंबर तक प्रदेश के लगभग 52 हजार गांवों से निकाली गई अमृत कलश यात्रा के दौरान मिट्टी और चावल एकत्र कर संबंधित ग्राम पंचायतों में लाया गया, जिनकी सं या 23 हजार है। ग्राम पंचायत से मिट्टी संबंधित ब्लाक मु यालय तक पहुंची और 313 ब्लाकों में एक %अमृत कलश% तैयार किया गया है। इसी तरह शहरों और कस्बों में मिट्टी और चावल एकत्रीकरण का कार्य एक अ टूबर से आरंभ होकर 13 अ टूबर तक चला। प्रत्येक नगरीय निकाय के लिए एक कलश तैयार किया गया है।

# प्रदेश में 19 दिन में 150 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की हुई कार्रवाइ

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद से प्रदेश में एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए उड़नदस्ता दल (एफएसटी), एसएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद रुपये, अमूल्य धातु, सोना चांदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

संयुक्त टीमों द्वारा 9 से 27 अ टूबर तक 150 करोड़ 58 लाख 36 हजार 316 रुपये की कार्रवाई की गई है। इमसें 19 करोड़ 74 लाख 18 हजार 994 रुपये की नकद राशि, 28 करोड़ 90 लाख 15 हजार 533 रुपये की 16 लाख 62 हजार 511 लीटर से अधिक की अवैध शराब, 10 करोड़ 12 लाख 3 हजार 350 रुपये के मादक पदार्थ, 53 करोड़ 55 लाख 82 हजार 585 रुपये के अमूल्य धातु, सोना-चांदी, ज्वेलरी और 38 करोड़ 26 लाख 15 हजार 854 रुपये की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

प्रदेश में वर्ष 2018 के विधानसभा निर्वाचन में (6 अ टूबर से 28 नवंबर के बीच) आदर्श आचरण संहिता के दौरान 72 करोड़ 93 लाख रुपये की एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की गई थी, जबकि इस वर्ष 2023 के विधानसभा निर्वाचन में 19 दिन में 150 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की कार्रवाई की गई है।

# सागर में चुनाव प्रचार कर रही महिला शिक्षक सस्पेंड

भाोपाल। मध्य प्रदेश के सागर जिले में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक आर्य ने महिला शिक्षक श्रीमती विजयाराजे बुंदेला को सस्पेंड कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 खुरई के रिटर्निंग ऑफिसर ने अपने प्रतिवेदन में लिखा था कि महिला शिक्षक श्रीमती विजयाराजे बुंदेला, राजनीतिक गतिविधियों में शामिल है और विधानसभा चुनाव में एक पॉलीटिकल पार्टी की उ मीदवार का प्रचार कर रही है।

**मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 5 (4)**

रिटर्निंग ऑफिसर के प्रतिवेदन के आधार पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक आर्य ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 5 (4) के तहत दोषी पाए जाने पर, विस्तृत विभागीय जांच के आदेश दिए एवं आरोपी महिला शिक्षक को निलंबित कर दिया। उपरोक्त नियम के अनुसार, कोई भी शासकीय सेवक किसी विधान मण्डल या स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचन में न तो मत याचना करेगा, न अन्यथा हस्ताक्षेप करेगा, न उसके संबंध में प्रभाव का प्रयोग करेगा और न उसमें भाग लेगा। श्रीमति विजयाराजे बुंदेला द्वारा राजनैतिक दल विशेष के प्रचार प्रसार में स मिलित पाई गई है। जो मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3, 5 (4) के अन्तर्गत तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है।

निलंबन आदेश में लिखा है कि, श्रीमति विजयाराजे बुंदेला उर्फ गिन्नी उपरोक्त अनुसार प्रथम दृष्ट्या दोषी पाई गई हैं। अतः श्रीमति बुंदेला को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों एवं म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा एवं श्रीमति बुंदेला का मु यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सागर निर्धारित किया गया है।

# मासूम बच्चियों के अपहरण कांड में दिल्ली की महिला डा टर हिरासत में, पुलिस पूछताछ में जुटी

भोपाल। कन्या भोज के बहाने राजधानी भोपाल के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित क यू वाली माता मंदिर के पास से ग्यारह माह और आठ साल की दो सगी मासूम बहनों के अपहरण कांड में भोपाल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपहरण करने वाले गिरोह द्वारा दिल्ली की जिस महिला चिकित्सक को बच्चों को बेचना बताया जा रहा है, भोपाल पुलिस ने उस महिला को दिल्ली से हिरासत में ले लिया है।

बताया जाता है कि भोपाल पुलिस की दिल्ली में होने की भनक लगते ही महिला चिकित्सक हैदराबाद भागने की फिराक में थी। योंकि महिला का दिल्ली, गुड़गांव के साथ हैदराबाद में भी नर्सिंग होम होने का पता चला है। इधर, भोपाल पुलिस की रिमांड में चल रहे हरियाणा की महिला, उसका बेटा, लिवइन पार्टनर और बेटे की लिवइन पार्टनर का रविवार को रिमांड अवधि समाप्त हो गई। शनिवार को दिन भर की पूछताछ में आरोपियों ने कई खुलासे किए, लेकिन बाद में सहयोग करना बंद कर दिया।

इधर, भोपाल पुलिस द्वारा दिल्ली से हिरासत में ली गई महिला चिकित्सक को भी रविवार को भोपाल लाए जाने की सूचना है। दिल्ली से हिरासत में ली गई डॉ टर कुमारी शक्ति देवी उर्फ डॉ टर सीमा साउथ दिल्ली के लखपत कॉलोनी पार्ट-2 मीथापुरा ऐ सटेंशन में रहती है और नर्सिंग होम संचालित करती है।

**पूछताछ में बहाने बनाने लगते हैं शातिर आरोपी**

भोपाल पुलिस की पूछताछ में कई खुलासे करने वाले चारों आरोपी अब बहाने बनाने लगे हैं। अलग-अलग खाने की डिमांड करने के साथ खुद को हाई प्रोफाइल बताते हुए पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। मामला अति गंभीर होने के कारण पुलिस भी ज्यादा स ती नहीं कर पा रही है। वहीं, पूरे मामले की पुलिस महानिदेशक सुधीर से सेना स्वयं मानीटरिंग कर रहे हैं।

**दूसरे राज्यों की पुलिस से किया संपर्क**

भोपाल पुलिस की एसआईटी पूरे मामले की जांच कर रही है। इस मामले में दिल्ली और राजस्थान में वारदात करना स्वीकार किया है, लेकिन पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। इसके बाद मध्यप्रदेश पुलिस ने दिल्ली और राजस्थान की पुलिस को पूरे गिरोह की जानकारी भेजी है। बताया जाता है कि भोपाल पुलिस को कई और बातों का पता चला है, जिनकी कडियां मिलाने के लिए चारों आरोपियों को एक बार फिर रिमांड पर लेने की तैयारी है। भोपाल पुलिस गिरोह की सरगना और हरियाणा निवासी अर्चना सैनी उर्फ काजल सेन, उसके लिवइन पार्टनर निशांत रामा स्वामी, बेटा सूरज सेन और बेटे की लिवइन पार्टनर मुस्कान बानो को गिर तार कर पूछताछ कर रही है। इस मामले में काजल उर्फ अर्चना की नाबालिग बेटी को भी पुलिस ने गिर तार किया है।

**सरगना के रिश्ते की बहन है झोलाछाप डॉ टर**

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मानव अंगों की तस्करी के इस गिरोह में दिल्ली की कुमारी शक्ति देवी भी मु य किरदार है। कुमारी शक्ति देवी दिल्ली में खुद का नर्सिंग होम संचालित करती है, लेकिन वह मूलतः फिजियोथेरेपिस्ट है। शक्ति देवी अपहरण गिरोह की कर्ताधर्ता अर्चना उर्फ काजल की रिश्ते की बहन बताई जा रही है। शक्ति देवी ने खुद को डॉ टर बताते हुए नर्सिंग होम संचालित करती है और वहां अवैध रूप से गर्भपात कराने के साथ बिन ब्याही मां बनने वालों की डिलीवरी भी कराई जाती है। पुलिस को दिल्ली से भी गिरोह के संबंध में कई सुराग हाथ लगे हैं।

# पीठ के रास्ते किडनी का ऑपरेशन, मरीज की बचाई जान, इस विधि से इलाज करने वाला पहला राज्य बना एमपी

भोपाल। एक 74 वर्षीय गैस पीड़ित मरीज की पथरी की वजह से किडनी खराब हो गई। शरीर में संक्रमण को फैलने से बचाने के लिए किडनी को निकालना आवश्यक था, लेकिन मरीज के कमजोर हार्ट की वजह से पेट के रास्ते (ट्रांसपेरिटोनियल अप्रोच) लैप्रोस्कोपिक सर्जरी करना काफी जोखिम भरा था। इस स्थिति में बीएमएचआरसी के डॉ टरों ने अत्यंत कठिन तकनीक का इस्तेमाल कर पीठ के रास्ते (रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच) सर्जरी कर मरीज का निःशुल्क इलाज किया। प्रदेश में पीठ के रास्ते से किडनी का ऑपरेशन करने का यह पहला केस है। मरीज अब स्वस्थ है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

बीएमएचआरसी के यूरोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ अभिषेक चौबे ने बताया कि मरीज को बीते कई महीनों से किडनी में पथरी थी। इसकी वजह से उन्हें बार-बार बुखार आता था। मरीज को हाइपरटेंशन भी था। जांच में पता चला कि उनकी एक किडनी खराब हो चुकी है और अन्य अंगों को संक्रमण से बचाने के लिए इस किडनी को निकालना आवश्यक है।



बीएमएचआरसी के एनेस्थीशिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ गौरव आचार्य ने बताया कि ऑपरेशन से पहले हुई जांचों से पता चला कि मरीज का हार्ट केवल 20 फीसदी काम कर रहा है। उनके बाएं फेफड़े में एक गांठ और दोनों फेफड़ों के बेस में फाइब्रोसिस है।

ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान मरीज को ब्लीडिंग की वजह से कार्डियक अरेस्ट आ जाने और फेफड़ों के दब जाने की आशंका थी। ऐसी स्थिति में पेट के रास्ते ऑपरेशन करना मुमकिन नहीं था। डॉ अभिषेक चौबे ने बताया कि ऐसी स्थिति में हमने पीठ के रास्ते (रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच) सर्जरी कर मरीज की खराब किडनी को निकाल दिया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और सिर्फ एक घंटे में पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बीएमएचआरसी के अतिरिक्त प्रदेश के किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी अस्पताल में इस पद्धति से मरीज का ऑपरेशन नहीं किया जा रहा है।

बीएमएचआरसी भोपाल की प्रभारी निदेशक डॉ.मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल साइंस में रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच से किडनी के मरीज की सर्जरी करना एक नई विधा है। पूरे देश में गिने-चुने अस्पतालों में ही इस अप्रोच से सर्जरी की जा रही है। गर्व की बात है कि बीएमएचआरसी प्रदेश का पहला अस्पताल बना है, जिसने रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच से मरीज की सर्जरी की।

**पीठ के जरिए सर्जरी करना काफी कठिन**

डॉ अभिषेक चौबे ने बताया कि आमतौर पर अधिकतर लैप्रोस्कोपिक सर्जरी पेट की ओर से की जाती हैं। इसे ट्रांसपेरिटोनियल अप्रोच से सर्जरी करना कहते हैं। इस पद्धति से सर्जरी करने पर सर्जन को सर्जरी के लिए अधिक जगह मिलती है और इस तरह सर्जरी करना अपेक्षाकृत आसान होता है। किडनी की सर्जरी पीठ के रास्ते से भी की जाती है, इसे रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच कहते हैं। यह पद्धति जटिल होती है,` योंकि पीठ से ऑपरेशन के लिए सर्जन के पास बहुत कम जगह होती है। हालांकि मरीज के लिए कई मामलों में काफी फायदेमंद होती है।

**शोधपत्र जर्नल में प्रकाशन के लिए भेजेंगे**

डॉ सारिका कटियार ने बताया कि भारत में रेटिपोलिनय अप्रोच बहुत ही कम अस्पतालों में की जाती है। आपरेशन की जटिलता को देखते हुए हम इस केस को रिसर्च जर्नल में प्रकाशित करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए हम शोधपत्र तैयार कर रहे हैं, जिसे प्रकाशन के लिए इंडियन जर्नल ऑफ एनेस्थीशिया में भेजा जाएगा।

## प्रहलाद पटेल चुके हुऐ नेता है-कॉंग्रेस



सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रहलाद पटेल 2 बार सिवनी, 1 बार बालाघाट व 2 बार दमोह से सांसद रह केंद्रीय राज्य मंत्री के तौर पर कार्य कर रहें है। सिवनी सांसद के तौर पर प्रहलाद पटेल की उपलब्धि शून्य है, इसी तरह बालाघाट व दमोह के सांसद रहते हुऐ भी इनकी उपलब्धियों के एक भी पत्थर लोकसभा क्षेत्रों में दिखाई नहीं देते है। केन्द्रीय राज्यमंत्री के रूप में भी सिवनी जिले को लाभांवित करने का कोई कार्य इनके द्वारा किया ही नहीं गया है। वे संसदीय क्षेत्र में गुटबाजी फैलाने के अलावा अन्य कोई कार्य करते ही नहीं है, यदि सिवनी संसदीय क्षेत्र में एक भी भूमिपूजन या शिलान्यास का पत्थर भी लगा हो तो भाजपा बताऐ, अलबत्ता सिवनी की डालडा फै ट्री, लोहा फै ट्री व डिस्टीलरी जैसे उद्योग धंधे इनके संसदीय कार्यकाल में ही बंद हुऐ है, जो इनकी कार्यप्रणाली को परिलक्षित करता है। केन्द्रीय मंत्री रहते हुऐ भी इन्होंने सिवनी के साथ छल किया है, एक भी सौगात सिवनी के लिये उन्होंने मंत्री रहते हुऐ नहीं दिलवाई है और न ही बालाघाट व दमोह के लिये उन्होंने कोई कार्य किया है।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि कमलनाथ जी ने शहरी विकास मंत्री रहते हुऐ 100 करोड रूपये सिवनी जिले को प्रदान किया था मु यमंत्री रहते हुऐ भी उन्होंने जन हितकारी योजनाओं सहित गौशालाऍ खुलवाई जिन्हें भाजपा ने बंद करवा दिया। साथ ही सिवनी जिले के हजारो किसानों का कर्ज माफ किया वही छिन्दवाड़ा जिले की भूमि डुबाकर सिवनी जिले के किसानों को पेंच व्यपर्तन योजना का लाभ दिया। सनातन की रक्षा की छद्म बात करने वाली भाजपा यह बताऐ कि पूज्य रामायण को जलाने वालों को चुनावी टिकट यों दिया गया। अब जब करने व कहने को कुछ न बचा हो एक सीनियर व्यक्ति को जो परम हनुमान भक्त है को थका हुआ कहकर अपनी चुकी व कुंठित मानसिकता का परिचय दिया है। वास्तव में प्रहलाद पटेल स्वयं चुके हुऐ नेता हैं तभी तो उनका डिमोशन कर विधानसभा लडाया जा रहा है, जिसमें भी वे हार रहें हैं।

# आज समाज का तो भविष्य में समग्र राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे ये होनहार - डी.एन.

## जैन समाज की होनहार प्रतिभाओं को सपरिवार स मानित किया नरेश दिवाकर ने

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को अपना सारा जीवन समर्पित कर नगर का गौरव बढ़ने वाले अपने समय के प्र यात चिकित्सक ,लोक तंत्र सेनानी स्वर्गीय डॉ टर नेमिचंद जी दिवाकर की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नि श्रीमती कमला दिवाकर पुत्र डॉ टर प्रवीण एवं नरेश दिवाकर पूर्व विधायक द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को स मानित किया गया। इस स मान को कक्षा छटवी से लेकर स्नातकोत्तर, सी.ए., बी. ई., एम.बी. बी. एस. जैसे अनेक क्षेत्रों में सर्वोच्च अंक लेकर अग्रणीय हुई प्रतिभाओं को पूर्व विधायक परिवार द्वारा स मान प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि पूज्य मुनि श्री शाश्वत सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उक्त आयोजित समारोह का अवसर था जैन दिगंबर जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज , निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागर जी महाराज, मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज एवं गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमति माताजी के जन्मोत्सव शरद पूर्णिमा पर्व का ।




समारोह में भूमिका संबोधन प्रदान करते हुए पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि अपने श्रम,लगन,निष्ठा एवं पूर्ण ईमानदारी से अपने शिक्षा के अ यास के प्रति सजग विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता एवं उन्नति के उस मुकाम को प्राप्त करता है जो उसने अपने जीवन का लक्ष्य बना कर निर्धारित किया था और इस प्राप्त सफलता या उन्नति में मात्र उस होनहार प्रतिभा का पुरूषार्थ ही नही अपितु उसके इस पुरूषार्थ की सफलता में परोक्ष रूप से जो सबसे बड़ा श्रम एवं योगदान रहता है उसके पीछे माता पिता के सपने जो उन्होंने अपनी संतति के उज्वल भविष्य के लिए देखे थे,उनकी खून पसीने की कमाई जो उन्होंने स्वयं अभाव में रहकर अपने बच्चो के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिये लगाई थी। ऐसे कर्मयोगी व्यक्तित्व जो इन होनहारों के अभिभावक है वे इन प्रतिभाओं के स मानित होने के पूर्व स मान के प्रथम अधिकारी है। इन्हीं भावनाओं से अपने पूज्य पिता जी की पुण्य स्मृति में प्रतिभा स मान के पूर्व उनके अभिभावकों का स मान किया जाएगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं और मेरा परिवार तो मात्र निमित्त है इस आयोजन का किंतु सत्य तो यही है इस आयोजन के असली हकदार तो सकल जैन समाज सिवनी ही है आज पूज्य मुनि श्री शाश्वत सागर जी महाराज के आशीर्वाद से आप सभी की वृहत उपस्थिति में पूज्य आचार्य श्री, मुनि युगल एवं पूज्य गणिनि माता जी के जन्मोत्सव शरद पूर्णिमा जैसी पावन तिथि पर इस प्रतिभा स मान समारोह का आयोजन किया गया है।

पूज्य आचार्य श्री के साधनामयी जीवन पर प्रकाश डालते हुए नरेश दिवाकर ने विचार व्यक्त किए यदि संसार का सबसे बड़ा पर्वत एवरेस्ट की कलम से सभी सागर,सरिता एवं समुद्रों के जल की स्याही बना ली जाए और सारे आकाश और धरती को कागज बना कर उनके गुणों के बखान को लिखा जाए तो कलम कागज और स्याही सभी समाप्त हो जायेंगे किंतु उनकी महिमा लिख नही पाएंगे। भारतीय संस्कृति में उनका अवदान स्तुत्य है।दूसरी और तीर्थंकर भगवंतो की जन्म भूमियों,अनेक नव तीर्थों का निर्माण, पुरा तीर्थों का जीर्ण उद्धार एवं अनेक जिनवाणी के साहित्यों का लेखन करने वाली गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी जिनकी दीक्षा को 72 वर्ष पूर्ण हुए आज 90 वर्ष की आयु में भी अपने महाव्रतो का पालन करते हुए स्वस्थ एवं प्रसन्न चित्त है। जिन शासन के ये दोनो व्यक्तित्व न भूतो न भविष्यति... जन जन के आदर्श आराध्य है।

सभा का संचालन विपनेश जैन एवं पारस जैन द्वारा किया गया। चयनित सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले होनहारों को परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह,प्रमाण पत्र,उपहार जबकि अभिभावकों को शाल,माला तिलक से अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर सुदर्शन बाझल,मिलन बाझल,संजय नायक, अभय कुमार जैन,प्रभात सेठ, प्रफुल्ल जैन बंटी,मनोज बाझल, विपनेश जैन,सुबोध बाझल आफसेट, पी के जैन,आनंद सेठ,सुनील सेठ,प्रशांत जैन, आलोक जैन,भूपेंद्र जैन,डॉ टर अपूर्व,पारस जैन, भानु पटेल,सुबोध बाझल शिक्षक,प्रभात वीडी,सुक्कन जैन,आदि बड़ी सं या में समाज के सदस्य सदस्याएं उपास्थित रहे।देर रात तक चले इस कार्यक्रम के दरमियान केशर मिश्रित दूध का वितरण नव युवकों द्वारा किया गया। सभा समापन पर आभार प्रदर्शन डॉ टर अपूर्व जैन ने किया।

## कांग्रेस की विजय के लिये सेवादल की बैठक संपन्न



सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में चुनावो के मद्दे नजर रखते हुए सेवादल की आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें सिवनी विधानसभा के सेवादल के नगर अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने आयोजित विशेष बैठक में भाग लिया। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, घनश्याम पटेल, विष्णु करोसिया विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का प्रमुख विषय विधानसभा क्रं. 115 सिवनी के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी को विजयश्री सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक चर्चा की। बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकरियों ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, सदस्यता ग्रहण करने वालो में शैलेन्द्र पटेल लाटगांव, पवन सनोडिया, पुरूषोत्तम सनोडिया डोरलीछतरपुर ने सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस सेवादल की बैठक को स बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है कांग्रेस में सेवादल एक अनुशासित संगठन है जो हमेशा कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढाने का काम करता है श्री खुराना ने आगे कहा कि आज यहॉ बैठे सेवादल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकरियों का यह दायित्व हो जाता है कि सिवनी विधानसभा के प्रत्याशी आनंद पंजवानी को जिताने का भरपूर प्रयास करें, हमें यह मालूम है कि सिवनी जिले में सेवादल एक सक्रिय संगठन है। इस अवसर पर सेवादल प्रभारी टिकेन्द्र देशमुख, विक्रम सिसोदिया, सिवनी ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष मो. सादिक खान, चमारी ब्लाक अध्यक्ष इरफान खान, गोपालगंज ब्लाक अध्यक्ष दुर्गाचक्रवर्ती, शैलेन्द्र पटेल, सलीम खान, कृष्णकांत वरकडे, संजू उइके, विजय वर्मा, रहीम शाह, पुरूषोत्तम शैलेस, पवनकुमार सिंगोतिया, समीर खान, शेख वाहिद गुलखान, आकाश बघेल, नंदकिशोर बघेल, हर्षिल बघेल, शिवकुमार, निवेश शु ला सहित बडी सं या में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## शरद पूर्णिमा पर स्वीप स्नान काव्य उत्सव संपन्न

सिवनी यशोः- लोक निर्माण विभाग शरद पूर्णिमा उत्सव समिति सिवनी के तत्वाधान में स्वीप स्नान के अन्तर्गत अखिल भारतीय कवि स मेलन का आयोजन किया गया माँ शारदे की वन्दना अखिका शर्मा ने की कार्यक्रम का संचालन संजय जैन संजू ने किया। इस आयोजन मे जहाँ कार्यक्रम के प्रार भ में वरिष्ट कवि रमेश श्रीवास्तव चातक ने कहा कि-÷ हमने हर हाल मे सच कहने की कसम खायी है। तब कही जाके अपनी कलम उठाई है।÷ एडवोकेट अखिलेश यादव ने रावण के स्वरूप और आयात किए गये रावण पर व्यंग्य से ओत-प्रोत रचना की प्रस्तुति दी।

राष्ट्रीय चितंक जगदीश तपिश ने कहा- कभी चाहा जिसे दिल से वो चाहत याद रहती है, जो ठुकरा दी गई हो, वो मोहात याद रहती है। डा0



रामकुमार चतुर्वेदी ने अपनी मंग्य से ओत प्रोत रचनाओं से मंच को ऊचाईमा प्रदान करते हुये कहा कि जीवन के कोरे पत्तों में हम, कलम चलाना भूल गये, सीधे सच्चे हाथों में हम देशच चलाना भूल गये।

मंच संचालक संजय जैन संजू ने जहाँ व्यंग्य के माध्यम से शरद पूर्णिमा पर लगे ग्रहण गांव की बात, तथा गजल के माध्यम से रखते हुये मंच को ऊंचाईया प्रदान की आपने कहा कि - कैसी सेवा देश की होती दिखा दिया है यारो, गद्दारों की सजा मौत है, चुनचुन इनको मारों। इसी तरह आगे कहा- बस दूर से ही सबको लुभाते है नेताजी लेकिन न कभी पास, बुलाते है नेताजी, वोटर है अपने क्षेत्र के उनको है सलाम, नजदीक आ गये चुनाव, लगता है नेताजी। नरेन्द्रनाथ चट्टान ने कहा कि मतदाता मतदान की कीमत को पहचानिए, सबसे पहले लोकतन्त्र को सफल बनाइये, मत डराता ही सफल लोकतंत्र की रीढ़ है, इसका महत्व चहान सबको बताइएगा।

अ बिका शर्मा ने कहा- शरद चाँदनी बरस रही है, रजत हो रहा कण कणा नील गगन पहनी यामिनी तारो से भरती दामन÷ एड्? अखिलेश यादव ने कहा- लोकतन्त्र सच के आइने में ऐसा नजर आता है राजनीति छोड़ कौन दूसरी नौकरी करने जाता है। ÷ लगभग दो घंटे चले आयोजन मे लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों का योगदान रहा ।

## मंडला एवं निवास विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मंडला पहुँचे

मंडला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग से जिले की मंडला एवं निवास विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री शाह नवाज चौधरी शनिवार की शाम मंडला पहुँचे। सर्किटहाउस में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रेक्षक श्री चौधरी सर्किटहाउस के कक्ष क्रं. 6 में रूके हुए हैं जिनका मोबाईल नंबर 8450073563 एवं 9301542839 है। निर्वाचन संबंधी विषयों के लिए प्रातः 9:15 से 10:15 के मध्य सामान्य प्रेक्षक से सर्किटहाउस के हॉल में मिल सकते हैं।

## शिक्षकों की प्रमोशन लिस्ट में संशोधन के आदेश जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा शिक्षकों की प्रमोशन लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आने के बाद, संशोधन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एक बार फिर उच्च पद प्रभार की कार्यवाही 4 नवंबर से शुरू की जाएगी जो 15 दिसंबर 2023 को संपन्न होगी। इसके बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। मध्य प्रदेश में जब हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं चल रही होगी तब प्रमोशन प्राप्त शिक्षक नवीन पद स्थापना ग्रहण कर रहे होंगे।

**हाई कोर्ट में मामलों की लाइन लग गई, इसलिए गलती सुधारेंगे**

श्री केके द्विवेदी, डायरे टर डीपी की ओर से समस्त संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मध्य प्रदेश तथा समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मध्य प्रदेश के नाम जारी पत्र क्रमांक 2230 दिनांक 27 अ टूबर 2023 में लिखा है कि, उच्च पद प्रभार की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से पूर्व की गई थी। उक्त प्रक्रिया में यह संज्ञान में आया है कि विभिन्न संवर्गों की वरिष्ठता सूची में त्रुटि के कारण कई लोक सेवकों के नाम उच्च पद प्रभार से छूट गए थे। इस कारण से न्यायालय इन प्रकरण उद्भुत हो रहे हैं। न्यायालय इन प्रकरणों के निराकरण की दृष्टि से समस्त संवर्गों की वरिष्ठता सूची में संशोधन की कार्यवाही हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है।

**मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा वरिष्ठता सूची में संशोधन की डेट शीट**

**जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्रेडेशन में अंकित लोक सेवकों के समक्ष अंकित रिक्त कॉलम / त्रुटि पूर्ण जानकारी के सुधार की प्रविष्टि दिनांक 4 नवंबर को।**

**ग्रेडेशन में छूटे हुए लोक सेवकों के नाम जिला शिक्षा अधिकारी के स्तर से जोड़ना 4 नवंबर को।**

**अंतरिम ग्रेडेशन लिस्ट जारी करना 7 नवंबर को।**

**ग्रेडेशन लिस्ट के आधार पर दावे आपत्ति हेतु अ यावेदन प्राप्त करना 25 नवंबर को।**

**अ यावेदन का निराकरण 5 दिसंबर को।**

**अंतिम ग्रेडेशन लिस्ट जारी करना 15 दिसंबर को।**

## आदर्श आचार संहिता के चलते मप्र के स्थापना दिवस पर सिर्फ मप्र गान होगा

भोपाल। चुनाव आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के कारण इस बार एक नवंबर को मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर कोई समारोह नहीं होगा। विधान सभा चुनावों के चलते चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के कारण ऐसा करना पड़ा है। राज्य सरकार पिछले कई वर्षो से एक नवंबर को राजधानी के लाल परेड मैदान पर भव्य स्तर पर स्थापना दिवस मनाती आ रही है। इसके साथ ही प्रदेश के जिला मु यालयों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। गत वर्ष मुंबई के संगीत निर्देशक और पार्श्व गायक शंकर महादेवन और उनकी टीम ने राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति दी थी। विभाग को एमसीसी के कारण अ टूबर के दूसरे सप्ताह से नवंबर तक निर्धारित सभी कार्यक्रमों को रद्द करना पड़ा है।स्थापना दिवस समारोह के लिए संस्कृति विभाग ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी, जो कि नहीं मिली। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने पत्र भेजकर भोपाल समेत प्रदेश के सभी कले टरों को स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए आधे घंटे का समय दिया है। इस दौरान राष्ट्रगान के बाद सिर्फ मप्र गान सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है... की प्रस्तुति होगी। मप्र संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शु ला ने बताया कि हमें चुनाव आदर्श आचार संहिता से छूट नहीं दी गई है। इसलिए स्थापना दिवस पर कोई बड़ा समारोह नहीं होगा। जहां तक अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बात है तो सब कुछ चुनाव आयोग की अनुमति पर निर्भर करेगा।

**जीएडी ने जारी किया आदेश**

जीएडी ने सभी कले टरों को पत्र भेजकर कहा है कि स्थापना दिवस पर जिला स्तर पर आधे घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह नौ बजे कले टरों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान होगा। गान के पश्चात 20 मिनट का स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा और मप्र गान से कार्यक्रम का समापन होगा।

**ये कार्यक्रम भी रद्द हुए हैं**

विभाग को एमसीसी के कारण अ टूबर के दूसरे सप्ताह से निर्धारित सभी कार्यक्रमों को रद्द करने या रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इनमें शौर्य स्मारक वर्षगांठ (भोपाल, 14 अ टूबर), संभावना (भोपाल, 28 अ टूबर) श्री रामलीला उत्सव (भोपाल, 17-23 अ टूबर), शक्ति पर्व (गुना, मैहर, नलखेड़ा, बुरहानपुर, सलकनपुर, भोपाल, उज्जैन 15 अ टूबर, 20-22, 21-23) शामिल हैं। प्राकट्य उत्सव (उज्जैन, 15 अ टूबर), ठुमरी समारोह (देवास, 15-16 अ टूबर), रूपाभ प्रदर्शनी (भोपाल, 17-22 अ टूबर), स्मृति प्रसंग डा. धर्मवीर भारती (भोपाल, 20-22 अ टूबर), रामलीला उत्सव (परासिया, छिंदवाड़ा, 22-24 अ टूबर) और प्रतिमान (महू 25-26 अ टूबर) को भी स्थगित किया गया है।

# मतदान दिवस पर निर्बाध रहे बिजली आपूर्ति : मु य निर्वाचन पदाधिकारी

**मतदान केंद्रों पर पानी, रैंप, व्हीलचेयर और बैठक व्यवस्था की रहे सुचारू उपलब्धता**

**मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में विभागों के साथ बैठक में दिए आवश्यक निर्देश**



भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने आज निर्वाचन सदन भोपाल में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ बैठक में समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। श्री राजन ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होना है, ऐसे में सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, रैंप, व्हीलचेयर, बैठक व्यवस्था और मतदान केंद्रों तक आवागमन के लिए सुगम सड़क की व्यवस्था करें। निर्वाचन संबंधी कार्यो के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर जानकारी शीघ्र भेजें।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग सीमावर्ती राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करें। निर्वाचन के लिए पुलिस डिप्लायमेंट प्लान तैयार कर जानकारी उपलब्ध कराएं। मतदान एवं मतगणना दिवस पर शराब की बिक्री पर रोक के आदेश जारी किए जाए। मतदान के दिन प्रदेश के समस्त संस्थानों में कार्यरत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए अवकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान के दिन मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पतालों में भी व्यवस्था की जाए।

श्री राजन ने कहा कि सभी विभाग निर्वाचन कार्यालय से प्रेषित की जाने वाली शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। कानून व्यवस्था की दैनिक रिपोर्ट एवं निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी को समय-सीमा में भिजवाना सुनिश्चित करें। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग निर्वाचन की अधिसूचना से निर्वाचन की समाप्ति तक प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी श्री अनुराग, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, श्री मनोज खत्री, श्री बसंत कुर्रे, सामान्य प्रशासन, उच्च शिक्षा, वाणिज्यिक कर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा, गृह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, विधि एवं विधायी कार्य, स्कूल शिक्षा, श्रम, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

मंडला यशोः- 27 अ टूबर को श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खेरी के द्वारा मां जगत जननी जगद बा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर का भ्रमण करते हुए विसर्जन स्थल नावघाट पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। यहां माता रानी की आकर्षित झांकी एवं विशेष साज सज्जा के साथ माता रानी के दर्शन भक्तों को मिले। कार्यकारणी अध्यक्ष नीतेश पटैल ने बताया कि महाराष्ट्र के फेमस ढोल 40 कलाकारों के साथ आकर्षक साउंड और लाइट सहित, छत्तीसगढ़ के पुरस्कार प्राप्त आदिवासी 30 कलाकार द्वारा 108 बाना छेदने का चल समारोह, हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भव्य तांडव नृत्य, उत्तरप्रदेश के कलाकारों द्वारा संजीव श्री हनुमत एवं माता काली की सुंदर झांकी एवं अलौकिक दर्शन, सुनील ब्रास बैंड अपने 40 कलाकारों के साथ आकर्षक लाइट एवं साउंड सहित, जीतू डीजे अपने साउंड सिस्टम के साथ माता रानी के भजनों का प्रस्तुति दी गई। वहीं भव्य आतिशबाजी के साथ माता रानी का चल समारोह निकाला गया जो जनमानस के लिए आकर्षक का केंद्र रहा। बता दें कि श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी के द्वारा वर्षो से प्रतिमा की स्थापना की जा रही थी लेकिन इस बार समिति के निर्णय और आपसी सहमति से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता रानी के विराजमान स्थल पर नवरात्र में प्रत्येक दिन अनेक प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम किए गए जो जनमानस के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों और वयस्कों को भक्ति से जोडने और उनमें प्राचीन देवी देवताओं के कार्य जैसे रक्तबीज का वध, हनुमान जी की चलित झांकी जिसमें सुरसा नामक राक्षस के साथ युद्ध आदि का संजीव शो दिखाया गया। वहीं मां दुर्गा का अलौकिक दर्शन वह भी अनेक लाईट, साउंड, शंख, नगाड़े, ढोल व शहनाई विभिन्न वाद्ययंत्र युक्त आवाज से किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा की ऊंचाई लगभग 14 फिट बताई गई जो अलौकिक है। अनेक आकर्षक जैसे महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा निर्मित भव्य पंडाल जिसमें रक्त बीज के वध की चलित झांकी लाइट व साउंड के साथ संपूर्ण नवरात्र माता रानी के अलौकिक दर्शन हुए यहां पर प्रतिदिन हजारों की सं या में भक्तगण पहुंचे जिन्होंने यहां लगे आनंद मेला एवं मीना बाजार का लुप्त भी उठाया। कार्यक्रम को लेकर समिति के अध्यक्ष योगेश पटैल, उपाध्यक्ष सतीश पटैल, कोषाध्यक्ष दुर्गेश विवेक पटैल, सचिव सत्येन्द्र गिरीश पटैल, धमेन्द्र गोटिया, कार्यकारी अध्यक्ष नीतेश निक्की पटैल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की गिर त से दूर परिजन ने की आरोपी युवक को पकडने की मांग

मंडला यशोः- जिले भर में आपराधिक गतिविधियों और वारंटियों की धरपकड़ युद्ध स्तर पर की जा रही है, लेकिन कुछ अवैध कारोबार के साथ फरार आरोपियों को पकडने में अभी भी जिला का पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। आरोपी अपराध करके पुलिस की गिर त से ऐसे निकल जाता है, मानो हाथ से रेत फिसल गई हो। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो जाते है। ऐसे अपराधियों को पकडने के लिए पुलिस को अपनी पैनी नजर रखनी पड़ेगी, जिससे कोई भी अपराधी पुलिस की गिर त से फिसल ना सके।

जानकारी अनुसार विगत जून माह में जिले के महिला थाना में एक नाबालिका ने 376 के मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम घुटास निवासी नाबालिका ने शिकायत में बताया कि जिस युवक भूपेन्द्र परस्ते ने उसके साथ दुष्कर्म किया है उसे पिछले करीब 04 साल से जानती थी। युवक पीडिता के घर के सामने ही रहता था। पीडिता ने बताया कि भूपेन्द्र 04 जून की रात्रि करीब 11.30 बजे उसके घर के पीछे बने बाथरूम की तरफ आया हुआ था, इसी दौरान उसने मेरे साथ बाथरूम में शरीरिक संबंध बना लिया। कृत्य करने के बाद जब भूपेन्द्र वापस जाने लगा तो, पीडिता की माँ ने देख लिया। जिसके बाद पीडिता की मां ने अपनी बेटी से पूछी और नाबालिग पीडिता ने पूरी घटना बयां कर दी। जिसके बाद 05 जून 2023 को नाबालिग पीडिता अपनी मां के साथ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बताया गया कि नाबालिग पीडिता ने जब युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई तब उसकी उम्र 16 साल 11 माह थी। नाबालिग ने अपनी मां के साथ महिला थाना में आकर एक लिखित आवेदन भूपेन्द्र परस्ते जाति प्रधान निवासी ग्राम घुटास के खिलाफ दुष्कर्म करने का दिया। नाबालिग की रिपोर्ट पर युवक भूपेन्द्र पर धारा 376, 376 (3), 376 (2) (एन) ताहि 5 एल 6, 3, 4 पो सो ऐ ट के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग की शिकायत के बाद से ही आरोपी युवक फरार चल रहा है। चार माह बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिर तार नहीं किया जा सका। आरोपी आज दिनांक तक फरार है।

**पुलिस नहीं पकड़ पा रही दुष्कर्म के आरोपी कोः**

पीडित परिवारजनों का कहना है कि विगत चार माह पहले आरोपी युवक के खिलाफदुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन आज दिनांक तक युवक को पुलिस पकडने में नाकाम है। एक ओर पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है, और बदमाशों और आरोपियों की धरपकड़ कर दबोच रही है, वहीं एक दुष्कर्म के आरोपी को पकडने में पुलिस दिलचस्पी नहीं ले रही है। जिसके कारण आरोपी युवक पुलिस की गिर त से बाहर है। पीडिता के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपी युवक को पकड़ा जाए। जिससे पीडिता को न्याय मिल सके।

# स्वीप अभियान के तहत प्रशासन और मीडियाकर्मियों के बीच हुई खेल प्रतियोगिताएं

**नैतिक मतदान की ली शपथ**

मण्डला यशोः- शनिवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में स्वीप आनंद खेल महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें प्रशासन एवं मीडिया के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, डीएफओ नित्यानंतम एल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा पत्रकारगणों ने सहभागिता की। इस दौरान उपस्थित लोगों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई।

स्वीप आनंद खेल महोत्सव में प्रशासन एवं मीडियाकर्मियों के साथ-साथ महिलाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। गौरतलब है कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रम का उद्देश्य



मतदाताओं को शिक्षित एवं जागरुक कर 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करना है।

**कले टर एवं एसपी ने की सहभागिता**

स्वीप आनंद खेल महोत्सव के दौरान 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, क्रिकेट एवं रस्साकसी खेल मैत्रीपूर्ण वातावरण में आयोजित किये गए। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने 400 मीटर रिले रेस एवं रस्साकसी में सहभागिता करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित अन्य अधिकारियों ने 100 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस एवं रस्साकसी में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

स्वीप आनंद खेल महोत्सव में इन खेलों में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडियाकर्मी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि मधुअली, सहायक संचालक महिला बाल विकास रोहित बड़कुल, जिला खेल अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, क्षेत्र संयोजक रंजीत गुप्ता, प्राचार्य हाईस्कूल बिंझिया मुकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही मीडिया कर्मियों में रत्नेश दुबे, चंद्रेश खरे, सैयद जावेद अली, विवेक अग्निहोत्री, नीरज अग्रवाल, राजेश यादव, सुरेन्द्र श्रीवास, दीपक जाट, पूजा ज्योतषी, लखन भांडे, देवेंद्र यादव, अविनाश यादव, समीर बाजपेयी, दीपक कछवाहा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय, कमेंट्री सैयद जावेद अली और आभार नीरज अग्रवाल ने किया।

## मतदान सामग्री वितरण तथा वापसी संबंधी प्रशिक्षण आज

मण्डला यशोः-मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण सोमवार 30 अे टूबर को रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेश क्र. 1249 में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से तथा आदेश क्र. 1255 एवं 1256 में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र महाविद्यालय के कक्ष क्र. 29 में निर्धारित समय पर किए जाएंगे।

## सचिन से मिलने पहुंचे फैंस

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के कान्हा नेशनल पार्क में होने का पता चलने के बाद प्रशंसक मुक्की जोन पहुंचे जहां वे सचिन की एक झलक पाने के लिए बेताब रहे । मंडला से जूनियर क्रिकेटर्स भी कान्हा पहुंचे। बच्चों को क्रिकेट जर्सी में देख सचिन ने गाड़ी रुकवाई और उनसे मुलाकात की। फैंस ने उनसे बैट, टीशर्ट, पीठ और सीने पर ऑटोग्राफ लिए।

## मतदान एवं मतगणना अवधि के लिये शुष्क दिवस घोषित

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला द्वारा जारी आदेश अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 15 नवंबर 2023 की शाम 6 बजे से 17 नवंबर 2023 की शाम 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक, साथ ही मतगणना 3 दिसंबर 2023 को संपूर्ण दिवस के लिये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेश अनुसार शुष्क दिवस, अवधि में जिले की समस्त क पोजिट मदिरा दुकानें, रिसोर्ट तथा बार से किसी भी मदिरा का विक्रय अथवा सेवा प्रतिबन्धित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले के स पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना ` लब मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय, वितरण प्रतिबन्धित रहेगा।

# श्रीअष्ट महालक्ष्मी महायज्ञ कलेंडर का हुआ विमोचन

मंडला यशोः- आगामी माह आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत पुराण के कलेंडर का विमोचन किया गया। जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनांग मंदिर प्रागंण में कलम शस्त्र पूजन के दौरान विधि-विधान से कलेंडर का पूजन किया गया। यहां रामकृष्ण आश्रम के संचालक शारदात्मक महाराज, वरदान आश्रम अंजनिया के संचालक पं. नीलू महाराज, रामदास जी महाराज, पं. रामनाथ शास्त्री एवं पं. कुंजबिहारी पांडे की गरिमामय उपस्थित में कलेंडर का विमोचन हुआ। नीलू महाराज ने बताया कि जिला मु यालय में 17 दिसंबर से आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया जाएगा। इस श्रीअष्ट लक्ष्मी यज्ञ के पूर्णकालिक यजमान प्रधान यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल होंगी। वहीं यजमान के रूप में इंजी. लोकेश बिसेन छिंदवाड़ा, उदय नारायण सचान देवदरा, नीतेश पांडे देवदरा, वेद प्रकाश मिश्रा देवदरा, शैलेश गुप्ता लालीपुर होंगे। श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ में तीन ध्वज स्थापित किये जायेंगे। यज्ञ में सबसे पहले जल पूजन होगा जल तत्व के सांकेतिक भगवान झूलेलाल हैं भगवान झूलेलाल के परम भक्त चकरघटा बिलासपुर के श्रीलाल साई 25 नव बर को मेहर बाबा कुटी यज्ञ स्थल में आएगें। जहां यज्ञ के संयोजक और आचार्य नीलू महाराज के साथ प्रथम ध्वज स्थापित करेंगे। यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थो की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिलेगी। इस महायज्ञ में अनंत श्री स पन्न श्री जगदगुरू शंकराचार्य महाभाग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ज्योतिष बद्रिकाश्रम पीठाधीश्वर का आगमन होने जा रहा है। जिन्होंने यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। मण्डला में पहली बार दो-दो शंकराचार्यो का एक साथ आना महज संयोग है। वहीं तीसरे प्रमाणित पीठ पर प्रतिष्ठित शंकराचार्य को लाने का प्रयास किया जा रहा है। धर्मगुरू नीलू महाराज ने बताया कि मेहेर बाबा कुटी मैदान देवदरा में श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 17 दिस बर से 25 दिस बर तक होगा। कहा कि इस यज्ञ में प्रथम उपस्थिति द्वारका पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज की होगी। साथ ही ग्वारी घाट जबलपुर वाले स्वामी पगलानंद महाराज, गीताधाम वाले डॉ स्वामी नरसिंह दास महाराज, सनातन धर्म गौसेवा वाले अखिलेश्वरानंद महाराज बरमान घाट वाले स्वामी सीताराम दास महाराज, अमोल खोह वाले भगत गिरि बच्चू बाबा महाराज, अमरकंटक गीता मंदिर वाले नरमदानंद महाराज, जामदार अस्पताल वाले डॉ. जितेन्द्र जामदार सहित लगभग 108 महात्माओं का आगमन होगा। विद्वत विप्र स मेलन गीता जयंती उत्सव में श्लोक पाठन प्रतियोगिता विराट सुहागलों का आयोजन आदि स पन्न होंगे आप सभी तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनावें। इस दौरान नीरज अग्रवाल, समाजसेवी सुधीर कांसकार सहित अन्य समाजसेवी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री कुलस्ते की उपस्थिति में मण्डला विधानसभा प्रत्याशी अपना नामांकन करेंगी दाखिल

### भाजपा प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके जनसमूह के साथ 30 अ टूबर को भरेंगी नामांकन

मण्डला यशोः- मण्डला विधानसभा



क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की विधायक प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके 30 अे टूबर को केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, मण्डला विधायक श्री देवसिह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन रैली के पूर्व मण्डला नगर के निषादराज भवन स्टेडियम के पास स्थित मैदान में दोपहर 12 बजे जनसभा आयोजित की गयी है तत्पश्चात नामांकन रैली स्टेडियम से होते हुए रेडक्रास तिराहा, दीनदयाल चौक, बस स्टेंड, लालीपुर, रानी अवंतिबाई तिराहा से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग से बैगा-बैगी चौंक से कले ट्रेट कार्यालय पहुंचेगी। मण्डला विधानसभा के सभी मण्डल अध्यक्षों ने शक्ति केंद्र एवं बूथ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी एवं मण्डल में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्षगण, जिला कार्यसमिति, जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ, मण्डल कार्यसमिति एवं पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों को नामांकन रैली में शामिल होने आग्रह किया है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ विजय आनंद मरावी बिछिया विधानसभा से भरेंगे अपना नामांकन

बिछिया विधानसभा की आयोजित नामांकन रैली में केंद्रीय मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते होंगे शामिल.

मण्डला –भारतीय जनता पार्टी के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉ विजय आनंद मरावी 30 अे टूबर को 11 बजे बिछिया अनुविभागीय कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर आयोजित नामांकन रैली एवं सभा में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री सहित भारतीय जनता पार्टी के जिले के वरिष्ठ नेतृत्व उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि बिछिया विधानसभा की नामांकन रैली में केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते हेलीकॉप्टर के द्वारा प्रातः 10.30 बजे बिछिया पहुंचकर नामांकन रैली एवं सभा में उपस्थित रहेंगे तत्पश्चात हेलीकॉप्टर द्वारा बालाघाट जिले की लांझी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में उपस्थित होकर मण्डला विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके की नामांकन रैली में शामिल होंगे। बिछिया विधानसभा के नामांकन रैली भाजपा कार्यालय से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी यहां कार्यकर्ताओं के जनसमूह के साथ



डॉ विजय आनंद मरावी अपना नामांकन दाखिल कर स्थानीय नागरिकों एवं मतदाताओं से जनआर्शीवाद लेंगे।

# श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

मंडला यशोः- 27 अे टूबर को श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खेरी के द्वारा मां जगत जननी जगद बा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर का भ्रमण करते हुए विसर्जन स्थल नावघाट पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। यहां माता रानी की आकर्षित झांकी एवं विशेष साज सज्जा के साथ माता रानी के दर्शन भक्तों को मिले। कार्यकारणी अध्यक्ष नीतेश पटैल ने बताया कि महाराष्ट्र के फेमस ढोल 40 कलाकारों के साथ आकर्षक साउंड और लाइट सहित, छत्तीसगढ़ के पुरस्कार प्राप्त आदिवासी 30 कलाकार द्वारा 108 बाना छेदने का चल समारोह, हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भव्य तांडव नृत्य, उत्तरप्रदेश के कलाकारों द्वारा संजीव श्री हनुमत एवं माता काली की सुंदर झांकी एवं अलौकिक दर्शन, सुनील ब्रास बैंड अपने 40 कलाकारों के साथ आकर्षक लाइट एवं साउंड सहित, जीतू डीजे अपने साउंड सिस्टम के साथ माता रानी के भजनों का प्रस्तुति दी गई। वहीं भव्य आतिशबाजी के साथ माता रानी का चल समारोह निकाला गया जो जनमानस के लिए आकर्षक का केंद्र रहा। बता दें कि श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी के द्वारा वर्षो से प्रतिमा की स्थापना की जा रही थी लेकिन इस बार समिति के निर्णय और आपसी सहमति से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता रानी के विराजमान स्थल पर नवरात्र में प्रत्येक दिन अनेक प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम किए गए जो जनमानस के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों और वयस्कों को भक्ति से जोडने और उनमें प्राचीन देवी देवताओं के कार्य जैसे रक्तबीज का वध, हनुमान जी की चलित झांकी जिसमें सुरसा नामक राक्षस के साथ युद्ध आदि का संजीव शो दिखाया गया। वहीं मां दुर्गा का अलौकिक दर्शन वह भी अनेक लाईट, साउंड, शंख, नगाड़े, ढोल व शहनाई विभिन्न वाद्ययंत्र युक्त आवाज से किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा की ऊंचाई लगभग 14 फिट बताई गई जो अलौकिक है। अनेक आकर्षक जैसे महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा निर्मित भव्य पंडाल जिसमें रक्त बीज के वध की चलित झांकी लाइट व साउंड के साथ संपूर्ण नवरात्र माता रानी के अलौकिक दर्शन हुए यहां पर प्रतिदिन हजारों की सं या में भक्तगण पहुंचे जिन्होंने यहां लगे आनंद मेला एवं मीना बाजार का लुप्त भी उठाया। कार्यक्रम को लेकर समिति के अध्यक्ष योगेश पटैल, उपाध्यक्ष सतीश पटैल, कोषाध्यक्ष दुर्गेश विवेक पटैल, सचिव सत्येन्द्र गिरीश पटैल, धमेन्द्र गोटिया, कार्यकारी अध्यक्ष नीतेश निक्की पटैल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**निवास क्षेत्र के ग्राम देवडोंगरी की घटना**

मंडला यशोः- जिले में लगातार सड़क हादसे की खबर सामने आ रही। हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास से मंडला मार्ग पर ग्राम देवडोंगरी पर एक बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई हैं। बताया गया की युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी और हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। हादसे में बाईक सवार टक्कर के बाद नीचे गिर गया और घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

बताया गया कि जिस क्षेत्र में यह हादसा हुआ वह क्षेत्र सून सान क्षेत्र है। जिसके चलते यहां किसी की नजर नही पड़ी। इसी दौरान केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते निवास मु यालय से नामांकन भरकर मंडला की ओर जा रहे, तभी उनकी नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना निवास पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही निवास थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी और उनकी पूरी टीम मौके पर पहुंची साथ ही 108 ए बुलेंस भी पहुंची परंतु तब तक देर हो चुकी थी युवक की मौत हो गई थी फिहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया हैं युवक की शिना त प्रेम सिंह वरकड़े पिता देव सिंह उम्र लगभग 33 वर्ष हर्राटिकुर थाना टिकरिया के रूप में हुई हैं पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

# मुस्कान पुनर्वास केंद्र में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

## फिजिकली डिसेबल्ड और मेंटली चैलेंज्ड बच्चों के लिए कार्य कर रहा है मुस्कान पुनर्वास केंद्र

मंडला यशोः- शनिवार को स्थानीय सिंहवाहिनी वार्ड नाव घाट में मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित मुस्कान पुनर्वास केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ही केंद्र के दो बच्चे अनाया पटेल( मिष्ठी) और अर्चित कोरी का जन्म दिवस भी मनाया गया। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडला संजय कृष्ण जोशी, सचिव लीगल एड दयाराम कु हरे, मु य न्यायिक दंडाधिकारी मंडला श्रीमती ज्योति डोंगरे शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेड़ी सुश्री फातिमा अली, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका ठाकुर ने मुस्कान पुनर्वास केंद्र का दौरा कर यहां थेरेपी ले रहे बच्चों व उनके अभिभावकों से मिलकर संस्था के कार्यो की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज फावानी ने मुस्कान पुनर्वास केंद्र का भ्रमण कराकर यहां दिए जा रहे उपचार की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंडला में यह अपनी तरह का



अनोखा पुनर्वास केंद्र है, जो विशेष बच्चों की जरूरतों को देखते हुए बनाया गया है। यह सेंटर पूर्णतः निःशुल्क अपनी सेवा दे रहा है। इसमें ऑ यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथैरेपी, स्पेशल एजुकेशन और स्पीच थेरेपी के विशेषज्ञ जरूरतमंद बच्चों का उपचार कर रहे है। इस पुनर्वास केंद्र में बच्चों को उनकी जरूरत के मुताबिक उपचार कर सामान्य जीवन जीने के लिए तैयार किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि मैंने अपनी बेटी का दर्द समझने के बाद मैंने यह महसूस किया यह ऐसे बच्चों का इलाज बहुत महंगा होता है। इतना महंगा इलाज करा पाना सभी अभिभावकों के लिए संभव नहीं हो पता। इस वजह से ऐसे बच्चों को लोग अपेक्षा की नजर से देखने लगते हैं। इसलिए हमारी कोशिश है कि ऐसे बच्चों को लोग यहां लेकर आए और हम यहां पर थेरेपी करवाए ताकि बच्चों का बेहतर उपचार हो सके। हमारी कोशिश है कि की जैसे-जैसे हमारी सेंटर का विकास होगा और हमारे पास फंड की और बेहतर व्यवस्था होगी हम इसका और बड़े स्तर पर विस्तार करेंगे ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को हम उपचार दे सके।

मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी की संयुक्त सचिव डॉ. राशि पटेल ने बताया कि यहाँ स्पेशल बच्चों के लिए थेरेपी होती है। इसमें फिजियोथेरेपी, स्पेशल एजुकेशन, ऑ यूपेशनल थेरेपी, सेंसर इंटीग्रेशन, इ बी ए थेरेपी शामिल है। उन्होंने बताया कि यह थेरेपी उन बच्चों की होती है जो चल नहीं सकते, बोल नहीं सकते, उनके यहां इलाज किया जाता है। 5 फरवरी 2022 से शुरू हुए इस केंद्र में अभी 55 बच्चों के उपचार की क्षमता है। यदि इससे ज्यादा बच्चे होते हैं तो जो बच्चे आते नहीं है उनकी जगह पर हम दूसरे को टाइम स्लॉट अलॉट करते हैं।

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेड़ी सुश्री फातिमा अली ने अपने संबोधन में कहा कि मुस्कान पुनर्वास केंद्र एक बहुत ही पुनीत कार्य कर रहा हैं। ऐसे बच्चों के लिए काम करना जिन्हें शायद समाज अपना मानता भी नहीं। इनके लिए काम करना काफी काबिले तारीफ है। आप लोग ऐसे ही हि मत बनाये रखिये। न्यायपालिका, पुलिस और शासन आप सबके साथ है। आपको जब भी जरूरत पड़े विधिक सहायता केंद्र न्यायालय में होता है, आपको जब भी सहायता लगे आप बच्चों को लेकर वहां आ सकते हैं, न्यायपालिका आप सबके साथ है। इस दौरान संस्था सचिव डॉ. अंकित पटेल, बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297